(ग) उक्त पत्र में विभिन्न माडलों, लागत आदि के संबंध में उपकरण-क्षमता, टिकाऊपन, उपयुक्तता संबंधी कार्य निष्पादन के बारे में ब्यौरे नहीं दिए गए हैं। इस उपकरण को स्थापित करने के लिए अनुमति/पंजीकरण तथा प्रधान मंत्री रोजगार स्कीम के तहत 3.0 लाख रुपए के ऋण के लिए अनुरोध किया गया है।

इस प्रकार के सभी निवेदनों को आटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन आफ इंडिया, पुणे, भारतीय पेट्रोलियम संस्थान, देहरादून तथा वाहन अनुसंधान विकास प्रतिष्ठान, अहमदनगर जैसी सरकार से अनुमोदित आटोमोटिव परीक्षण एजेंसियों को ऐसे उपकरणों का मानक परीक्षण शर्तों के तहत मूल्यांकन करने के लिए भेजा जाता है। उपकरण के अन्वेषक पेटेंट्स महानियंत्रक उद्योग मंत्रालय से पेटेंट्स के लिए भी आवेदन कर सकते हैं। उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत आयुक्त, लघु उद्योग व्यक्तियों द्वारा उद्योग स्थापित करने के लिए ऋण प्रदान करते हैं।

(घ) मोटरगाड़ियों से होने वाले प्रदूषण के नियंत्रण के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इनमें निम्नलिखित सम्मिलित है।:-

1. विभिन्न राज्य परिवहन प्राधिकरणों द्वारा सड़क पर चल रहे वाहनों के लिए निर्धारित उत्सर्जन मानक लागू किये जाते हैं।
2. दिल्ली जैसे शहरों के परिवहन विभागों द्वारा यानीय प्रदूषण के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों, बचाव उपायों और सांविधिक दंडात्मक उपायों के बारे में लोगों को शिक्षित करने के लिए गहन जागरूकता अभियान चलाएं गए हैं।
3. 1.4.1995 से दिल्ली, मुम्बई, कलकत्ता और मद्रास के चार महानगरों में सीसा-रहित पेट्रोल और उत्प्रेरक परिवर्तक लगे हुए चार पहिया वाहन आरम्भ किए गए थे।
4. सरकार के पास परिवहन सेक्टर में बेचने हेतु डीजल में सल्फर की मात्रा कम करने के लिए एक चरणबद्ध कार्यक्रम है।

Selection for Traffic Apprentice in R.R.B., Secunderabad

709. SHRI V. HANUMANTHA RAO: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Railway Recruitment Board, Secunderabad had conducted a written examination for Traffic Apprentices under Employment Notice No. 1/93;

(b) whether the written examinations were duly held in Secunderabad;

(c) if so, whether the results have been declared; and

(d) the number of candidates selected through said exam?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI SATPAL MAHARAJ): (a) to (c) Yes, Sir,

(d) 15 candidates.

हबीबगंज रेलवे स्टेशन का निर्माण कार्य

710. **श्री राघवजी:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश में हबीबगंज रेलवे स्टेशन का निर्माण कार्य अभी भी पूरा नहीं हुआ हैं।

(ख) यह कार्य कब तक पूरा किया जाना था।

(ग) क्या इस कार्य को पूरा किए जाने में कोई विलम्ब हुआ है; यदि हां, तो उसके क्या कारण है; और

(घ) यह निर्माण कार्य कब तक पूरा कर लिया जाएगा?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सतपाल महाराज): (क) जी हां, बहरहाल नई इमारत का एक बड़ा हिस्सा पूरा हो चुका है तथा उसका उद्घाटन कर दिया गया है।

(ख) तथा (ग) लक्ष्य तिथि दिसंबर, 1995 थी किंतु चूंकि स्थल से अतिक्रमण को राज्य सरकार तथा द्वारा जुलाई, 1995 तक नहीं हटाया जा सका, इसलिए काम के समापन में विलंब हुआ।

(घ) 31.10.96 तक।

Projection of India's Cultural Heritage Abroad

711. SHRI RAMDAS AGGARWAL: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state: (a) whether Government are aware that India's great cultural and ancient heritage, the Vedas, Upanishads, Yoga and other lasting achievements which interest West, United States and other countries most, are not being projected properly by our representatives/ lecturers abroad in foreign Universities;